भोपाल, सीहोर, इंदौर, छिंदवाड़ा ग्वालियर, मुरैना से एकसाथ प्रकाशित

दैनिक

जनता की बुलंद आवाज

सचएक्सप्रेस

सत्यम् सदैव सुन्दरम्...

वर्ष-14 || अंक- 360 || पृष्ठ-8 || शुल्क- 2 रुपए || भोपाल || बुधवार 13 मई || 2026

www.dainiksachexpress.com, sachexpress.page

पेज 2 नर्सेस दिवस पर लिया मरीजों की सेवा और ...

पेज 3 मुख्यमंत्री कल 45 अहम मुद्दों पर करेंगे...

पेज 5 सूने मकानों के निशाना बनाने वाले गिरफ्त ...

पेज 6 राधारमण में जावा एवं ऑब्जेक्ट ओरिएंटेड ...

पेज 7 विदेशी मुद्रा भंडार मजबूत करना जरूरी, लेकिन...

सराफा बाजार का आज का भाव

13 मई 2026

डालर $ 95.73

GOLD LIVE - 162690

हालमार्क ज्वैलरी रेट

24 KT-165500 ब्रेड

23 KT-158600

22 KT-152300

20 KT-139100

18 KT-125800

14 KT-96700

Silver Live - 297150

चांदी हाजिर 999- 298000

MG ज्वेलर्स (उज्जैन वाले)

सर्वधर्म कोलार रोड, भोपाल

Condition Apply

सीबीएसई 12वीं के नतीजे घोषित - लड़कियों ने फिर मारी बाजी

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 का रिजल्ट जारी हो गया. इस साल 12वीं कक्षा में 85.20 फीसदी बच्चे पास हुए हैं। यानी इस वर्ष 12वीं बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए अधिकांश छात्र सफल हुए हैं। बोर्ड ने रिजल्ट जारी होने के साथ पास प्रतिशत की जानकारी भी साझा की है। बोर्ड ने इस बार करीब 18.57 लाख छात्रों के लिए परीक्षा आयोजित की थी। सीबीएसई छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए पिछले कुछ वर्षों से आधिकारिक तौर पर 'टॉपर्स की सूची' जारी नहीं करता है। बोर्ड अब मार्कशीट पर फर्स्ट, सेकंड या थर्ड डिवीजन नहीं लिखता है, बल्कि सिर्फ पास/फेल या कम्पार्टमेंट की जानकारी देता है।

- लड़कियों का पास परसेंट 88.86प्रतिशत
- लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत 82.13प्रतिशत

मतलब, लड़कियों ने लड़कों की तुलना में 6.73प्रतिशत बेहतर प्रदर्शन किया है।

इस बार के परिणाम में पिछले वर्ष की तुलना में पास प्रतिशत में 3 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई है। कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से 10 अप्रैल के

बीच एक ही शिफ्ट में सुबह 10.30 बजे से आयोजित की गई थीं। सीबीएसई 12वीं के परिणाम 2026 को लेकर पिछले वर्षों के रुझानों से यह देखा गया है कि परिणाम आमतौर पर मई के तीसरे सप्ताह के आसपास घोषित किए जाते हैं। 2025 में परिणाम 13 मई को जारी किया गया था, जबकि 2024 में भी 13 मई को और 2023 में 12 मई को परिणाम घोषित हुए थे।

पिछले 5 सालों में कितने लोग हुए पास?

2025 – 88.39प्रतिशत

2024 – 87.98प्रतिशत

2023 – 87.33प्रतिशत

2022 – 92.71प्रतिशत

2021 – 99.37प्रतिशत

रिजल्ट से नहीं हैं खुश तो...

अगर कोई छात्र अपने 12वीं रिजल्ट 2026 से खुश नहीं है,तो वह रीवैल्यूएशन के लिए आवेदन कर सकता है। इसके लिए सबसे पहले मार्क्स वेरिफिकेशन कराना होगा. इसके बाद छात्र अपनी आंसर-शीट की फोटोकॉपी भी प्राप्त कर सकते हैं। लेकिन अगर फिर भी नंबर को लेकर संदेह हो,तो री-चेकिंग या री-असेसमेंट के लिए आवेदन किया जा सकता है।

सच-संक्षेप

राजस्थान के बाड़मेर में तापमान 48 डिग्री पार

नई दिल्ली। राजस्थान में मंगलवार को रिकॉर्ड गर्मी रही। पांच जिलों में 45डिग्री से ज्यादा तापमान दर्ज किया गया। बाड़मेर लगातार तीसरे दिन देश का सबसे गर्म शहर रहा, यहां पारा 48.3डिग्री रहा। फलोदी में 46.4डिग्री, जैसलमेर में 45.8डिग्री, चित्तौड़गढ़ में 45.6डिग्री और बीकानेर में 45डिग्री तापमान रहा।

पुणे के बारामती में प्रशिक्षण विमान की क्रैश लैंडिंग

बारामती (महाराष्ट्र)। महाराष्ट्र के बारामती में आज सुबह तकनीकी खराबी आने के बाद रेडबर्ड कंपनी का एक प्रशिक्षण विमान आपात स्थिति में उतरा। यह घटना प्रशिक्षण उड़ान के दौरान हुई प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, गोजुबावी गांव के उत्तरी हिस्से के ऊपर उड़ान के दौरान विमान का इंजन बंद हो गया, जो मुख्य आवासीय क्षेत्र से करीब 1.5 किलोमीटर दूर था। इसके बावजूद प्रशिक्षु पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए विमान को पास के एक गन्ने के खेत में सुरक्षित उतार दिया।

भारत ने लौटाई रूस की गैस, प्रतिबंधों के चलते खरीदने से इनकार

नई दिल्ली। गैस की भारी कमी के बावजूद, भारत ने रूस से वह तरलीकृत प्राकृतिक गैस यानी एलएनजी खरीदने से मना कर दिया है, जिस पर अमरीका ने प्रतिबंध लगा रखे हैं। भारत के इस फैसले के कारण भारत आ रहा एक रूसी टैंकर अब बीच समंदर में ही फंसा हुआ है। रूस के जिस पोर्टोवाया प्लांट से यह गैस आ रही थी, उस पर अमरीकी प्रतिबंध लागू हैं। मध्य अप्रैल में कुनपेंग नाम का एक विशाल टैंकर गुजरात के दाहेज टर्मिनल के लिए निकला था। कागजों में इसे गैर-रूसी बताया गया था, लेकिन सेटेलाइट ट्रैकिंग में इसकी असलियत सामने आ गई।

भारत में इजरायल के लिए बेशुमार प्यारः बेंजामिन नेतन्याहू

यरुशलम। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक बार फिर भारत की दिल खोलकर तारीफ की है। उन्होंने कहा है कि भारत में इजरायल के लिए बेशुमार प्यार है। इस दौरान नेतन्याहू ने उन दावों को सिरे से खारिज कर दिया है कि दुनियाभर में इजरायल अलग-थलग पड़ता जा रहा है। नेतन्याहू ने आरोप लगाया कि मीडिया और सोशल मीडिया के जरिए इजरायल को बदनाम करने की साजिश की जा रही है। एक इंटरव्यू में नेतन्याहू ने भारत का उदाहरण देते हुए कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में इजरायल के लिए जो सम्मान है, वह असाधारण है। अपनी भारत यात्रा को याद करते हुए नेतन्याहू ने कहा कि मेरी भारत यात्रा किसी लव फेस्ट यानी प्यार के उत्सव जैसी थी।

चुनाव प्रचार से विजय जुलूस तक

सभी प्रकार की चुनाव प्रचार सामग्री के निर्माता एवं विक्रेता

सभी प्रकार के झण्डे, बैच, बैनर, कैप, स्टीकर, पोस्टर, ग्लोसाईन बोर्ड, होर्डिंग्स, फ्लेक्स एवं प्रिंटिंग कार्य हेतु पधारें

SHEELA AD MAKERS शीला एड-मेकर्स

E-mail:sheelaadmakers@gmail.com

139, Malviya Nagar, Bhopal (M.P.)

Tel./Fax: 0755-4012177,

Mob.:9301020777, 8889120777

GB-3, Ground Floor Mansarover Complex, Near BJP Office Bhopal

Tel. 0755-4277938

www.sheelaadmakers.in

मोदी सरकार ने सोना चांदी पर आयात शुल्क बढ़ाकर 15 प्रतिशत किया

नई दिल्ली। केंद्र शासित मोदी सरकार ने आज सोने और चांदी पर आयात शुल्क छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया। आज जारी इस आदेश के बाद आज यानी 13 मई को वायदा बाजार यानी एमसीएक्स पर सोना 10 हजार और चांदी 18 हजार रुपए महंगी हो गई है।10 ग्राम सोने का भाव 1.63 लाख रुपए और 1 किलो चांदी का भाव 2.97 लाख रुपए पर पहुंच गया है। सरकार का मकसद विदेशी खरीद कम करना और देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ रहे दबाव को घटाना है। पश्चिम एशिया संकट के कारण बढ़ते आयात बिल के बीच कीमती धातुओं के आयात पर अंकुश लगाने के उपायों के तहत यह कदम उठाया गया है। वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर 13 मई से सामाजिक कल्याण अधिभार (एसडब्ल्यूएस) और कृषि अवसंरचना एवं विकास उपकर (एआईडीसी) में वृद्धि की है। पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर विदेशी मुद्रा बचाने के लिए ईंधन के विवेकपूर्ण उपयोग, सोने की खरीद और विदेश यात्रा को स्थगित करने जैसे उपायों के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान के बाद यह अधिसूचना जारी हुई है।शुल्क वृद्धि से सोने पर कुल सीमा शुल्क बढ़कर 15 प्रतिशत हो जाएगा।

टैक्स बढ़ने से तस्करी बढ़ने की संभावना

वहीं, इंडस्ट्री से जुड़े लोगों का कहना है कि टैक्स बढ़ने से तस्करी बढ़ सकती है। इससे पहले जब ड्यूटी कम की गई थी, तब स्मगलिंग में कमी आई थी। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के नेशनल सेक्रेटरी सुरेंद्र मेहता ने कहा कि सरकार ने करंट अकाउंट डेफिसिट (चालू खाता घाटा) को काबू में रखने के लिए यह कदम उठाया है। पहले से ही ऊंची कीमतों के बीच यह फैसला मांग को प्रभावित कर सकता है।

आम आदमी पर पड़ेगा असर

कीमतों में बढ़ोतरीः जब सरकार टैक्स या ड्यूटी बढ़ाती है, तो सोने की लैंडिंग कॉस्ट यानी भारत पहुंचने की कीमत बढ़ जाती है। यानी सोना पहले के मुकाबले महंगा मिलेगा। सप्लाई में कमीः टैक्स के झमेले और ऊंची कीमतों के कारण थोक व्यापारी कम सोना मंगाएंगे। बाजार में सोने की उपलब्धता कम होने से भी कीमतें बढ़ सकती हैं।

सोने और चांदी के भाव में फिर आई तेजी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सोने और चांदी के आयात पर सीमा शुल्क बढ़ाने का फैसला किया है। इसे 15 फीसदी कर दिया गया है। इससे पहले यह छह फीसदी था। इस फैसले के बाद मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने और चांदी की कीमतों में भारी उछाल के साथ शुरुआत हुई। इस समय चांदी की कीमत 3 लाख प्रति किलोग्राम है। अलग-अलग शहरों में अलग-अलग रेट है, इसमें मामूली अंतर देखा जा सकता है।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक यादव का निधन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के बड़ी खबर है। मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे और भाजपा नेता अपर्णा यादव के पति प्रतीक यादव का बुधवार को निधन हो गया। उनकी उम्र 38 साल थी। सुबह 6 बजे पत्नी अपर्णा यादव के भाई अमन सिंह बिष्ट उन्हें लखनऊ के सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल के सीएमएस डॉक्टर देवेश चंद्रा ने बताया कि उनको यहां जब लाया गया तो उनकी मौत हो चुकी थी। सिविल अस्पताल के निदेश का इस मामले में आधिकारिक बयान भी आया है। जिसमें उन्होंने कहा कि प्रतीक यादव के ड्राइवर ने सिविल हॉस्पिटल पहुंच कर बताया की भैया की तबीयत खराब हो गई है।

तमिलनाडु में विजय सरकार फ्लोर टेस्ट में बहुमत से पास

समर्थन में 144 वोट पड़े, विरोध में केवल 22; वोटिंग में 5 विधायक गैरमौजूद रहे

चेन्नई। तमिलनाडु की टीवीके सरकार ने विधानसभा में बहुमत साबित कर दिया है। बुधवार को हुए विश्वास मत में मुख्यमंत्री विजय के नेतृत्व वाली सरकार को 144 विधायकों का समर्थन मिला। 234 सदस्यीय सदन में 22 विधायकों ने सरकार के खिलाफ मतदान किया, जबकि पांच सदस्य वोटिंग में शामिल नहीं हुए। फ्लोर टेस्ट के दौरान कई विपक्षी और सहयोगी दलों ने खुलकर टीवीके सरकार को समर्थन देने का एलान किया। कांग्रेस ने विधानसभा में विश्वास मत के दौरान विजय

सरकार का समर्थन करने की घोषणा की। वहीं सीपीआईएम ने भी सदन में टीवीके सरकार के पक्ष में खड़े होने की बात कही। सीपीआई ने भी टीवीके सरकार को समर्थन देने की घोषणा की। इसके अलावा वीसीके ने भी फ्लोर टेस्ट में विजय सरकार को समर्थन देने का एलान किया। हालांकि समर्थन के साथ वीसीके ने सरकार से एक महत्वपूर्ण मांग भी रखी। पार्टी ने महाराष्ट्र और कर्नाटक की तर्ज पर तमिलनाडु में अंधविश्वास के खिलाफ कानून लाने की अपील की। वीसीके विधायक वन्नी अरसु ने कहा कि धर्मनिरपेक्ष पार्टियों ने सरकार को बिना शर्त समर्थन दिया है और विश्वास व्यक्त किया है कि सरकार अपना पांच साल का कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा करेगी।

सुप्रीम कोर्ट पहुंचा नीट मामला, एनटीए को खत्म करने की मांग

नई दिल्ली। नीट यूजी 2026 पेपर लीक विवाद अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। मेडिकल छात्रों और डॉक्टरों के संगठन एफएआईएमए ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाते हुए सिर्फ दोबारा परीक्षा की मांग नहीं की है, बल्कि पूरे परीक्षा सिस्टम पर सवाल खड़े कर दिए हैं। एफएआईएमए ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। इसमें कहा गया है कि एनटीए द्वारा नीट यूजी 2026 के आयोजन में व्यवस्थित विफलता हुई है। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल अपनी याचिका में कहा है कि नीट यूजी 2026 पेपर लीक ने लाखों छात्रों के भविष्य को प्रभावित किया है। ऐसे में परीक्षा दोबारा कराई जानी चाहिए और यह परीक्षा सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में होनी चाहिए ताकि पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी बनी रहे।संगठन का कहना है कि मौजूदा व्यवस्था पर छात्रों का भरोसा कमजोर हुआ है और इसलिए परीक्षा प्रक्रिया को लेकर सख्त कदम उठाने की जरूरत है। दोबारा परीक्षा कराई जाती है तो उसकी निगरानी एक हाई-पावर कमेटी करे। इस कमेटी की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट के किसी रिटायर्ड जज को दी जाए।संगठन ने सुझाव दिया है कि इस कमेटी में साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट, फॉरेंसिक वैज्ञानिक और तकनीकी विशेषज्ञों को भी शामिल किया जाए ताकि परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह सुरक्षित और पारदर्शी बन सके। याचिका में मांग की गई है कि एनटीए को बदला जाए या उसका पूरी तरह से पुनर्गठन किया जाए। साथ ही, नीट यूजी 2026 की नई परीक्षा न्यायिक निगरानी में कराई जाए। याचिका में यह मांग की गई है कि वह केंद्र सरकार को एनईटी परीक्षा आयोजित करने के लिए एनटीए को एक अधिक मजबूत, तकनीकी रूप से उन्नत और स्वायत्त निकाय से बदलने का निर्देश दे।

बड़वाह की एसोसिएटेड डिस्टिलरी से लादी गई शराब

सागर पुलिस ने पकड़ी आनंद केडिया ग्रुप की सवा करोड़ रुपए की अवैध शराब

डियाजियो ग्रुप बनाता है ब्लू लेवल- ब्लैक लेवल और रेड लेवल शराब

निज संवाददाता सागर

प्रदेश में अवैध शराब का काला कारोबार फिर से फलने फूलने लगा है। शराब फैक्ट्रियों से बिना टीपी और दस्तावेजों के अवैध शराब से लदे ट्रक के ट्रक सीधे जिलों में भेजे जा रहे हैं और शराब माफिया चांदी काट रहा है। इस तरह से सप्लाई की जा रही अवैध शराब की गुणवत्ता सवालों के घेरे में है तो दूसरी सरकार को भी मोटे राजस्व हानि हो रही है। हाल ही में सागर जिले की मकरोनिया पुलिस ने अवैध शराब से लदा एक ट्रक जब्त किया है। मकरोनिया चौराहे के पास से एक संदिग्ध ट्रक (क्रमांक एमपी 09 डीएफ-0620) को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा और जब जांच की गई तो उसमें से लगभग 1500 पेटी बॉम्बे व्हिस्की बरामद की गई है। जब्त की गई शराब क्वार्टर साइज की बोतलों में है,

जिसकी बाजार दर एक करोड़ एक लाख पच्चीस हजार रु. आंकी गई है। पुलिस ने ट्रक चालक विजय कुमार दांगी तथा हेल्पर रामचंद्र वर्मा दोनों निवासी थाना माचलपुर जिला राजगढ़ को गिरफ्तार कर लिया है। जब्त शराब खरगौन जिले के बडवाह स्थित एसोसिएटेड डिस्टिलरी से लादी गई थी। उक्त डिस्टलरी आनंद केडिया ग्रुप की बताई गई है।

जांच में जुटी पुलिस

सूत्रों के मुताबिक ट्रक ड्राइवर का दावा है कि वह शराब की यह खेप इंदौर के बड़वाह से लोड कर जबलपुर होते हुए रीवा ले जा रहा था। ड्राइवर के अनुसार, उसने विदिशा-सागर वाला मार्ग चुना और गूगल मैप के निर्देशों का पालन करते हुए वह सागर शहर की सीमा में दाखिल हो गया। हालांकि, पुलिस को ड्राइवर की इस थ्योरी पर रत्ती भर भी भरोसा नहीं है। पुलिस को संदेह है कि रास्ता भटकने और परमिट की बात महज एक बहाना है। असल में यह शराब किसी बड़े सिंडिकेट या शराब माफिया द्वारा अवैध रूप से खपाने के लिए मंगवाई गई थी। ट्रांजिट परमिट और कागजों की वैधता की गहनता से जांच की जा रही है।

चार जिलों से होकर सागर पहुंच गया अवैध शराब से लदा ट्रक

इस घटना म ने पड़ोसी जिलों की पुलिसिंग पर भी सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। यह ट्रक इंदौर से चलकर रायसेन और विदिशा जैसे जिलों की सीमाएं पार करते हुए सागर तक पहुंच गया, लेकिन रास्ते में किसी भी चेकपोस्ट या पुलिस थाना क्षेत्र में इसकी जांच क्यों नहीं की गई? बिना ट्रांजिट परमिट के इतने बड़े पैमाने पर शराब का परिवहन होना प्रशासनिक मुस्तैदी पर बड़ा सवाल है। फिलहाल, मकरोनिया पुलिस ने ट्रक के ड्राइवर और उसके हेल्पर को अभिरक्षा में ले लिया है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी अभी इस मामले में आधिकारिक बयान देने से बच रहे हैं, लेकिन माना जा रहा है कि पूछताछ के बाद शराब तस्करी के एक बड़े रैकेट का खुलासा हो सकता है। ट्रक को जब्त कर आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज करने की प्रि या जारी है। विदित है कि बहेरिया थाना पुलिस ने पिछले दिनों एक फार्म हाउस से अवैध शराब का भारी जखीरा जब्त किया था। मकरोनिया थाना प्रभारी रविंद्र चौहान के अनुसार, ट्रक और उसमें रखी शराब को सुरक्षित रखवा लिया गया है। ड्राइवर के दावों और सौंपे गए कागजातों का बारीकी से सत्यापन किया जा रहा है। दस्तावेजों की सत्यता प्रमाणित होने और जांच पूरी होने के बाद ही मामले में आगे की वैधानिक दिशा तय की जाएगी।

एन. रंगासामी ने ली पुदुचेरी के सीएम पद की शपथ

तिरुवनंतपुरम । अनुभवी नेता और एआईएनआरसी के संस्थापक एन. रंगासामी ने बुधवार को पांचवीं बार पुदुचेरी के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उनके साथ दो अन्य कैबिनेट सदस्यों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। इनमें एआईएनआरसी के मल्लाडी कृष्ण राव और भाजपा के ए. नमशिवायम शामिल हैं। उपराज्यपाल के. कैलाशनाथन ने मुख्यमंत्री और उनके कैबिनेट सहयोगियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। रंगासामी ने भगवान के नाम पर शपथ ली। मल्लाडी कृष्ण राव ने तेलुगु भाषा में शपथ ली। वह आंध्र प्रदेश में पुदुचेरी के क्षेत्र यानम का प्रतिनिधित्व करते हैं।शपथ ग्रहण समारोह के दौरान मंच पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन और वरिष्ठ नेता बीएल संतोष मौजूद थे। एनडीए ने 9 अप्रैल को हुए चुनावों में जीत हासिल कर एनडीए ने सत्ता बरकरार रखी थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रंगासामी को मुख्यमंत्री नियुक्त किया था।

बारातियों से भरी पिकप सड़क किनारे पलटी तीन युवकों की मौत

सोनभद्र। रामपुर बरकोनिया थाना क्षेत्र में कल देर रात को हुए दर्दनाक सड़क हादसे से शादी की खुशिया मातम में बदल गईं। बारातियों से भरी पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई और नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तीन घायलों को गंभीर हालत में वाराणसी ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। वहीं दुर्घटना की सूचना मिलने पर डीएम समेत कई अधिकारी अस्पताल पहुंचे और घायलों का हाल चाल जाना।

सांगली में दुखद घटना, दीवार गिरने से 6 भक्तों की मौत

सांगली। एक चौंकाने वाली घटना हुई है जिसमें तूफानी हवाओं के कारण पत्थर और ईंटों से बनी दीवार गिरने से छह श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। यह दुखद घटना सांगली जिले के जाट तालुका के मोटेवाड़ी में हुई। मोटेवाड़ी में देवी मुर्गुबाई को समर्पित एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में भक्त इकट्ठा हुए थे। तेज तूफानी हवा के साथ बारिश होने लगी। इसलिए मौके पर मौजूद भक्तों ने पास की एक कंस्ट्रक्शन साइट पर पनाह ली। उसी समय तेज हवा की वजह से एक बड़ा नालीदार मेटल का शेड टूटकर सीधे पत्थर और ईंट की दीवार पर गिर गया। इस वजह से दीवार ढह गई और इसके इसके नीचे पनाह लिए भक्त दब गए। इससे छह लोगों की तुरंत मौत हो गई।

शुरुआती जानकारी के मुताबिक इस हादसे में मरने वालों में मंगल भाऊसाहेब मोठे (45, पडोंज़ारी), अरुण विजय गेजगे (14, डोमनल), सोनू लक्ष्मण गेजगे (14, डोमनल, ज़िला विजयपुरा, कर्नाटक), कोंडिबा सौबा गेजगे (65, दरीबड़ची), संजूबाई राम चौधरी (51, टक्कलकी, कर्नाटक), और शंकर आबा लोखंडे (75, दरीबड़ची) शामिल हैं। कुल छह लोगों की मौत हो गई।